गमड्रॉप कार

और ट्रेन की रेस

वैल बिरो

गमड्रॉप कार और ट्रेन की रेस

वैल बिरो

गमड्रॉप एक खूबसूरत पुरानी विंटेज कार है. लेकिन उसका एक दोस्त उससे कहीं बड़ा है. वो एक पुराना भाप का इंजन है जिसमें एक बड़ी धुएं की चिमनी और लोहे के पहिये हैं. उसका नाम छुक-छुक है.

एक दिन कार के मालिक जोस ने छुक-छुक के इंजीनियर से कहा.

"सुनो बिल, अगर छुक-छुक और गमड्रॉप के बीच एक रेस हो तो वो कितनी मज़ेदार होगी. ग्रेसन स्टेशन तक पूरे रास्ते में ट्रेन की पटरी और सड़क एक-दूसरे के बगल में चलती हैं. फिर हम देख सकेंगे कि गमड्रॉप या छुक-छुक कौन वहां पहले पहुँचती है."

"बहुत अच्छा होगा!" बिल ने कहा. "इस रविवार को रेस कैसी रहेगी?"

रविवार को, गमड्रॉप और छुक-छुक एक साथ लाइन में खड़े थे. गमड्रॉप में कुत्ते होरेस समेत तीन यात्री बैठे थे. छुक-छुक में भी तीन यात्री सवार थे. गमड्रॉप ने हार्न बजाया और छुक-छुक ने अपनी सीटी बजाई. फिर दौड़ शुरू हुई!

भाप के इंजन को स्टार्ट होने और चलने में कार की तुलना में अधिक समय लगा. इसलिए गमड्रॉप ने शुरू में बढ़त बना ली. लेकिन बहुत लम्बे समय के लिए नहीं! एक कम स्पीड की कार ने गमड्रॉप को धीमा किया। तब तक, छुक-छुक ने स्पीड पकड़ ली और उसने एक ज़ोरदार, लंबी सीटी के साथ गमड्रॉप को ओवरटेक किया.

गमड्रॉप को धीमी कार को ओवरटेक करने में काफी समय लगा. तब तक, छुक-छुक भाप के बादल उड़ाता हुआ उसके साथ-साथ चल रहा था. लेकिन बहुत लम्बे समय के लिए नहीं! छुक-छुक को रेलवे सिग्नल के लिए रुकना पड़ा. पीछे से गमड्रॉप ने हार्न बजाते हुए छुक-छुक को ओवरटेक कर लिया. गमड्रॉप एक बार फिर से आगे निकाल गई!

अचानक जोस ने देखा कि कोई चीज़ आगे सड़क को रोके थी. सड़क के उस पार एक गेट था ताकि रेलगाड़ियाँ गुजर सकें. गमड्रॉप को गेट पर रुकना पड़ा. अंदाज़ा लगाओ फिर कौन आगे निकला! छुक-छुक! उसने गमड्रॉप के लिए एक बहुत लम्बी और दमदार सीटी बजाई!

छुक-छुक अब इतनी आगे निकल गई थी कि गमड्रॉप के यात्री उसे देख तक नहीं सकते थे. लेकिन सड़क ने एक बार फिर से पटरी को क्रॉस किया. वहाँ पर एक और गेट था! इस बार छुक-छुक को वहां पर रुकना पड़ा! बिल ने गमड्रॉप को हार्न बजाते हुए आगे बढ़ते हुए देखा!

आख़िर गेट खुला! छुक-छुक धड़धड़ाते हुए गमड्रॉप के पीछे भागी. उसने एक बार फिर से गमड्रॉप को पकड़ लिया. अब वे लगभग साथ-साथ दौड़ रहे थे. आगे ग्रेसन स्टेशन था.

छुक-छुक का दिल तेज़ी से धड़क रहा था. बिल ने एक अजीब सी आवाज़ सुनी: हफ़-हफ़-हफ़-हफ़. फिर छुक-छुक धीमी होने लगी. बिल ने इंजन के हैंडल, पहिए, गियर और नॉब घुमाए. उसने पैडल और लीवर भी दबाये. लेकिन उससे कुछ नहीं हुआ. छुक-छुक की भाप ख़त्म हो गई थी.

ठीक उसी समय, गमड्रॉप कार में से भी अजीब आवाज़ें आने लगीं. पफ-पफ-पफ. कार भी अपनी स्पीड खो रही थी. जोस ने चोक की जाँच की और एक्सेलरेटर को ज़ोर से दबाया. लेकिन उससे भी काम नहीं बना. कार का पेट्रोल गेज "खाली" की ओर इशारा कर रहा था. गमड्रॉप का पेट्रोल खत्म हो गया था.

गमड्रॉप और छुक-छुक दोनों फिनिश लाइन की ओर बढ़े. दोनों छुक-छुक और गमड्रॉप ठीक एक ही समय पर फिनिश लाइन पर पहुंचे. उन्हें देखकर लोग खुशी से झूम उठे. वहाँ वे दोनों वाहन एक-दूसरे से सटे बैठे थे, कार का टायर इंजन के पहिए से सटा था.

"गमड्रॉप और छुक-छुक के लिए हुर्रे!"
सभी ने खुशी मनाई. "तुम दोनों जीते हो!"

अंत